हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



14 चुनाव को लेकर भाजपा उतई मंडल की हुई बैठक, लिया गया निर्णय






15 चीचा में मनाया गया वन्दे मातरम दिवस, हुई स्पर्धाएं







न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## स्वतंत्रता सेनानी किरोलीकर का ताम्रपत्र संजोकर रखा है परिजनों ने

### दुर्ग के स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव श्रीधर किरोलीकर को आजादी के लिए अंग्रेजों ने तीन बार भेजा जेल, प्रथम सांसद को पं. नेहरु ने दिलाई थी टिकट

विमलशंकर झा ▸▸ भिलाई

आजाद भारत के गुलिस्तान को वतन के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले देशभक्त शहीदों ने अपने लहू से सींचा है। अंग्रेजों को देश से खदेड़ने के लिए स्वतंत्रता के नायक महात्मा गांधी की अगुवाई में स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्ग के देशभक्त रणबांकुरों का भी अमिट योगदान रहा है। अंग्रेजी सरकार से स्वतंत्रता के लिए तीन मर्तबा कारावास की सजा भुगतने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और दुर्ग संसदीय क्षेत्र के पहले सांसद अधिवक्ता स्वर्गीय वासुदेव श्रीधर किरोलीकर के योगदान पर शहर और पूरे प्रदेश को गर्व है। परिजनों उनके स्मृतिचिन्हों को अब तक संजोकर रखा है। लेकिन शहर ने उन्हें बिसरा दिया है। परिजन चाहते हैं कि अवदान के अनुरुप उनका मूल्यांकन होना जरुरी है।

स्वतंत्रता आंदोलन की चरम परिणति 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन था। स्वतंत्रता सेनानियों की क्रांतिकारी गतिविधियों का केंद्र दुर्ग था। आंदोलन का अलख जगाने यहां दो बार आए गांधीजी के आह्वान पर लोग देश के लिए मरने मिटने आमादा थे। स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव श्रीधर किरोलीकरण स्वतंत्रता सेनानी मोहनलाल बाकलीवाल, चंडीप्रसाद गुप्ता, जमना प्रसाद कसार, बाकलीवाल व भागबली चंद्राकर आदि सेनानियों के साथ जुलूस निकालकर व




कचहरी मे तिरंगा फहराकर अंग्रेज सिपाहियों के खिलाफ विरोध जाताया। नतीजतन उन्हें तीन बार दुर्ग जेल में कारवास का दंड दिया गया। इसके लिए भारत सरकार ने उन्हें ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया था। इसे परिजनों ने वर्षों बाद भी संजोकर रखा है। उनका नाम आज भी अधिवक्ता संघ व जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पट्टिका में अंकित है। मुखर्जीनगर दुर्ग के वासुदेव श्रीधर किरोलीकर एक ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश को आजाद कराने के साथ अपनी राजनीतिक शुचिता से आजाद भारत के विकास में भी योगदान दिया। आजादी के बाद पहले लोकसभा चुनाव में वे स्वाभाविक दावेदार थे लेकिन उन्हें जब टिकट नही मिली तो दुर्ग के स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ यादव तामस्कर उन्हें पं. जवाहरलाल नेहरु से मिलाकर जनाधार से अवगत करवाकर दुर्ग का प्रत्याशी बनवाया। वे 2 लाख 21 हजार 448 वोट हासिल कर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के मुख्य प्रतिद्वंद्वी गंगा प्रसाद को पराजित कर पहले सांसद बने। स्व. किरोलीकर की प्रपौत्री मृगया किरोलीकर बताती हैं कि आजादी के लिए त्याग करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के शौर्य से नई पीढ़ी को अवगत कराने उनका सही मूल्यांकन होना जरुरी। हमारे दादाजी इतने स्वाभिमानी व देशभक्त थे कि उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन लेने से इनकार कर दिया था। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में भी टिकट मिल रही थी लेकिन उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं को मौका मिलने की बात कर प्रत्याशी बनने से इनकार कर दिया था। तब मोहनलाल बाकलीवाल कांग्रेस से सांसद निर्वाचित हुए थे।

### योगदान के अनुरुप मिले सम्मान



स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव किरोलीकर का प्रतिष्ठित परिवार दुर्ग में मुखर्जी नगर में निवासरत है। उनके दो पुत्र स्व. माधव राव किरोलीकर व कृष्णराव किरोलीकर का परिवार आज भी सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है । लेकिन परिजन स्व. किरोलीकर की उपेक्षा से दुखी हैं । इन्हें इस बात की पीड़ी है कि आजादी के 76 साल बाद भी दुर्ग में किसी भी सार्वजनिक स्थल या सरकार भवन का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी किरोलीकरजी के नाम से नहीं किया गया है। प्रपौत्री मृगया किरोलीकर बताती हैं कि कई बार भिलाई दुर्ग को जोड़ने वाले फ्लाईओवर का नाम पहले सांसद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. वासुदेव श्रीधर किरोलीकर के नाम से किए जाने का आग्रह कलेक्टर व महापौर से किया था । हम चाहते हैं कि दुर्ग में किसी प्रतिष्ठित स्थल का नामकरण किरोलीकरजी की स्मृति में किया जाए।

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को बांटे स्टेशनरी सामान



**भिलाई।** आरएचएस हुसैनी सेना दुर्ग भिलाई की टीम ने क्रिसेंट पब्लिक स्कूल फरीद नगर भिलाई मे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चो को तिरंगा झंडा. चॉकलेट. स्टेशनरी सामानों का वितरण किया। इस दौरान दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल रईन, कार्यकारणी अध्यक्ष गुफरान खान, सचिव अजमत लल्लू भाई, भिलाई शहर अध्यक्ष अफताब अंसारी, शाहिद खान. परवेज सलमानी. बब्बा भाई मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर आज

**भिलाई।** जेबीएन चैंपियन एंड जीतो लेडीज विंग दुर्ग द्वारा श्रीजिन कुशल दादाबाड़ी मालवीय नगर दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन 26 जनवरी को सुबह 8 से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पीयूष पारख ने दी।

### अवैध गांजा के साथ दो युवक पकड़ में

**भिलाई।** नशे का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोल बजार हनफी मस्जिद के पास राजनांदगांव निवासी आरिफ खान और लखोली नाका राजनांदगांव ईश्वर वारके उर्फ ईशू को पकड़ा गया है। दोनों के पास से पुलिस ने गांजा का वजन 1.406 किलो जिसकी कीमत 15 हजार, मोबाइल फोन 5 हजार, ईश्वर के पास से 1.660 किलो गांजा की कीमत 17 हजार रुपए की आंकी गई है। मोबाइल फोन 5 हजार रुपए का आंका गया है। दोनों युवकों द्वारा जिला अस्पताल के पीछे नल घर के पास गांजा रखकर अवैध रुप से बेच रहे थे।

### ट्रक चालक ने पुलिस वाले की कार को ठोकर मारी

**भिलाई।** ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए पुलिस वाले की कार को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मौके से फरार हो गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार की दोपहर चंद्रा मौर्या चौहान टावर के पास नेशनल हाइवे पर सफेद रंग की कार में दो युवती सवार थी। उतई निवासी तुलसी ठाकुर कार को चला रही थी। किनारे सीट पर एक स्कूली छात्रा भी सवार थी। कार सुपेला से पावर हाउस की ओर जा रही थी। इस दौरान ट्रक सीजी 07 सीएन 6220 के चालक ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया।

### गणतंत्र दिवस : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों का होगा सम्मान

## ट्विनसिटी में जगह-जगह लहराएगा तिरंगा

### छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे दुर्ग मुख्य समारोह में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

टिवनसिटी में रविवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर जगह-जगह तिरंगा लहराएगा। इस मौके पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जिला मुख्यालय दुर्ग के प्रथम वाहिनी छ.स.ब. भिलाई दुर्ग में आयोजित होगा।

समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात परेड की सलामी लेंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में 10 बजे शहीद परिवारों का सम्मान होगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व झाँकियों का प्रदर्शन होगा और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### सुरक्षा बलों का डेमो शो व डॉग शो रहेगा आकर्षक

बीएसपी में जयंती स्टेडियम में मुख्य समारोह जयंती स्टेडियम में होगा। सुबह ८9 बजे बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनर्बिन दासगुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड की सलामी लेंगे और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलए एनसीसीए गाईड द्वारा मार्च पास्ट एवं अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा डेमो एवं डॉग शो तथा शालेय छात्र.छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस्पात क्लबों व सभी विभागों में विभाग प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। पं जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में ध्वजारोहण एवं मरीजों को फल वितरण भिलाई महिला समाज द्वारा किया जाएगा।



### भिलाई निगम में महापौर फहराएंगे तिरंगा

भिलाई निगम में सुबह 8 बजे नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय सहित एमआईसी सदस्य व पार्षदगण शामिल होंगे। सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारीव कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जायेगा। 8:30 बजे यूनियन कार्यालय आकाश गंगा, 9 बजे खुर्सीपार श्रीराम वाटिका गौतम नगर, 9:30 बजे नेहरू नगर चौक , 10 बजे शहीद उद्यान सेक्टर 05 में एवं लोकागंन वैशाली नगर में 11 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर भी शामिल होंगे।

### रिसाली निगम में मेयर करेंगी ध्वजारोहण

रिसाली निगम में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। ध्वजारोहण महापौर शशि सिन्हा व आयुक्त मोनिका वर्मा करेंगी। इस मौके पर सभापति केशव बंछोर, राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह निगम, एमआईसी सदस्य व पार्षदगण भी मौजूद रहेंगे।

### वार्ड-23 में पार्षद धमेंद्र करेंगे ध्वजारोहण

रिसाली निगम के वार्ड 23 प्रगति नगर में पार्षद धमेंद्र भगत ध्वजारोहण करेंगे। सुबह 9 बजे बालाजी चौक प्रगति नगर रिसाली में यह कार्यक्रम आयोजित है। पार्षद भगत ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सिलेंडर से भरी ट्रक में लगी आग, बड़ा हादसा टलने से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



- फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची
- फैक्ट्री के भीतर खड़ी थी ट्रक, एलपीजी सिलेंडर

सिलेंडर से भरे ट्रक में अचानक आग लगने से आसपास में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचकर आगजनी को काबू किया। रसमडा औद्योगिक क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक रसमड़ा में प्लांट के भीतर अंदर खड़े ट्रक सीजी 04 एनटी 4329 में आग लग गई है। ट्रक में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर लोड था। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और जलते ट्रक की आग को बुझाने में जुट गई। दमकल कर्मियों ने देर न करते हुए ट्रक के डाले में प्रवेश किया। इसके बाद ट्रक में लोड एलपीजी सिलेंडर को बाहर निकाला। जब सभी सिलेंडर बाहर फेंकने पर लोगों ने राहत की सांस ली। आगजनी में सिलेंडर ब्लास्ट होता तो कई लोग हादसे का शिकार होते। दमकल कर्मियों की सुझबुझ से बड़ा हादसा टल गया। समय रहते आग पर काबू पाया गया नहीं तो ब्लास्ट जैसी घटनाएं हो सकती थी। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। ट्रक मालिक रविन्द्र पाल के मुताबिक उक्त ट्रक को रसमड़ा के फैक्ट्री भीतर में पार्क किया गया था।उसमें एलपीजी गैस सिलेंडर लोड थे। अचानक उसमें आग कैसे लगी जानकारी तक नहीं हो पाई। आग बुझाने काम में अग्निशमन दल प्रभारी महेन्द्र कुमार चंदेल, अग्निशमन कर्मी अवतार सिंह, मोहन राव ,भोपेश, शारदा प्रसाद की टीम शामिल थी।

## महादेव सट्टे में एकाउंट चलाने वाले मोहन नगर से 23 और वैशाली नगर से भी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- आरोपियों के पास से पुलिस को अहम सुराग लगा हाथ

कर्नाटका बैंक के खाते में आए 2 करोड़ 85 लाख रुपए के मामले में पुलिस ने जांच करने पर चौकाने वाला तथ्य सामने आया है।

उक्त सभी रुपए जिनके खातों में आया वह सारा रुपए ऑनलाइन महादेव सट्टे से जुड़ा मामले का है। पुलिस ने खाता धारक आरोपियों के खिलाफ धार 317 (2), 317 (4), 318 (4), 61 (2) ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि स्टेशन रोड दुर्ग में स्थित कर्नाटका बैंक में अचानक से 110 खातों में करोड़ों रुपए आने के बाद गृह मंत्रालय भारत सरकार की शिकायत पर पुलिस जांच करना शुरु कर दिया। इसमें कई चौकाने वाले नाम सामने आए है। जिसमें चार महिला और आठ पुरुष के साथ कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसका खुलासा सोमवार को मोहन नगर पुलिस करेगी। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक उक्त खातों में महादेव सट्टे के रुपए को ट्रांसफर करने वाले मास्टर माइंड को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा भिलाई-दुर्ग के महादेव सटोरियों पर पुलिस की पैनी नजर है।

जो भिलाई दुर्ग में बाहर रहकर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे है। इसके अलावा वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र में भी महादेव सट्टे में एकाउंट चलाने वाले 10 युवकों को पकड़ा गया है। दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि संदिग्ध खाता धारकों से पूछताछ कर 23 को पकड़ा गया है। अन्य से पूछताछ की जा रही है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


### ट्रैफिक सुरक्षा सप्ताह का 25वां दिन

## रात गश्त निकली ट्रैफिक एएसपी, 18 पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा रात को गश्त में निकली थी। इस दौरान शराब पीकर तीन, ओवर लोड दो, ओवर हाइट 1 और 12 अनावश्यक दो पहिया वाहनों को पकड़ा और उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। दुर्ग भिलाई का भ्रमण करते समय एएसपी ने कुम्हारी क्षेत्र में भारी वाहनो को चेक किया। इसमें भारी



वाहनों में खामियां पाई गई। जिस पर एएसपी के निर्देश पर निरीक्षक यातायात जोन दुर्ग द्वारा भारी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट ओवर लोड, ओवर हाईट, बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई किया। ऐसे दो पहिया वाहन चालक रात में अनावश्यक घूमते पाये गये उन पर बिना हेलमेट की कार्रवाई कर समझाइश दी। सडक सुरक्षा माह के 25 वें दिन नेहरू नगर चौक में नुक्कड नाटक से ट्रैफिक नियम कायदों को बताया गया।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....





ARYA SHIKSHA SAMITI DURG - BHILAI
विद्या ददाति विनयम्
ओ३म्
ADMISSION OPEN
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
The Best Education for Your Children
D.A.V. MODEL
HIGHER SECONDARY SCHOOL
English Medium
Class Nur. to 12th C.G. Board / Class Nur. to 8th CBSE Pattern
Arya Nagar, Durg (C.G.), Ph.: 0788-4050299, 2216281
MAHARSHI DAYANAND
ARYA HIGHER SECONDARY SCHOOL
ENGLISH/HINDI MEDIUM (C.G. Board)
Mathpara, Durg, Ph.: 0788-2328089, 2325630
Gaya Nagar, Durg, Ph.: 0788-2357613
Kurud Road Kohka, Bhilai, Durg (C.G.), Ph.: 0788-2295126
आधुनिक शिक्षा भी संस्कार भीं




समस्त प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाई
महेन्द्र लोढ़ा
अध्यक्ष भाजपा
सदर गौरव पथ मंडल, दुर्ग




समस्त प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
मा. ईश्वर साहू
विधायक साजा
अरविंद पटेल
अध्यक्ष-शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मा. स्कूल बोरी




HAPPY
26
JANUARY
REPUBLIC
DAY




शिवाजी
मैरिज रिसॉर्ट
बोरसी चौक, पोटिया रोड, दुर्ग
सर्वसुविधायुक्त
शादी, पार्टी व अन्य मीटिंग तथा मांगलिक कार्य के लिए पार्किंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था केटरिंग एवं डेकोरेशन की सुविधा उपलब्ध
ऑफिस - मढ़रिया कॉम्पलेक्स
जेल चौक से पुलगांव रोड, मुक्त नगर, महाराजा चौक के पास दुर्ग
मो. : 9303650593, 8839319360, 8962828541




26 जनवरी गणतंत्र दिवस
(भारत का संविधान लागू) की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
बालेश्वर चौरे
ज्ञानू बांगड़े
रामराव ढोक
दीपक रोडगे




गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
मा. ईश्वर साहू
विधायक-साजा
मा. लाभचंद बाफना
कृष्णा पटेल
अध्यक्ष-भाजपा बोरी मंडल




26 January HAPPY Republic Day
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रवण देखमुख जी
किशन कन्हैया
शुभेच्छुक : देशमुख ट्रेडर्स एवं ट्रांसपोर्ट बोरी




गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जीवन निर्मलकर
संयुक्त सचिव-जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग
सरपंच प्रतिनिधि-ग्राम पंचायत टेकापार (बोरी)
अध्यक्ष-दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज
श्रीमती सावित्री जीवन निर्मलकर
सरपंच
ग्राम पंचायत टेकापार




आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की ढ़ेरों
शुभकामनाएँ
श्रीमती भानू रामखिलावन यादव को सरपंच पद हेतु पार्टी समर्थित अधिकृत करने चारो बुथो से सर्वसम्मति प्रदान किये जाने पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्त्ताओं व समस्त रसमड़ावासियों का सादर आभार ...
मान. श्री ललित चंद्राकर जी
विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभा
उपाध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा छ.ग. शासन
रामखिलावन यादव
पूर्व सरपंच
सदस्य-बंधकश्रम सतर्कता निगरानी समिति दुर्ग ब्लॉक
गिरेश साहू
पूर्व मंडल अध्यक्ष
सदस्य-जिला मानिटरिंग एवं सतर्कता समिति दुर्ग
हेमंत सिन्हा
मंडल अध्यक्ष
भाजपा अंजोरा दुर्ग ग्रामीण
विनीत - श्रीमती भानू रामखिलावन यादव रसमड़ा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा




गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
मा. विष्णु देव साय जी
मा. अरूण साव जी
मा. विजय शर्मा जी
मा. विजय बघेल जी
मा. ईश्वर साहू जी
मा. लाभचंद बाफना
विजय सेन
अध्यक्ष-शासकीय हाई स्कूल दनिया
पूर्व सरपंच-दनिया
कृष्णा पटेल
अध्यक्ष-भाजपा मंडल
बोरी लिटिया




गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
HP GAS
your friendly gas
जी हाँ!
पापुलर गैस सर्विस
एच.पी. गैस के अधिकृत विक्रेता
महाराजा चौक, बोरसी रोड दुर्ग ( छ.ग. )
मो.: 0788-2340038, 2340939, 2340427




समस्त प्रदेश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
मा. ईश्वर साहू
विधायक साजा
पवन शर्मा
जिलामंत्री
नीलाम्बर साहू
किसान नेता
कृष्णा पटेल
मंडल अध्यक्ष
धनेश पटेल
मिडिया प्रभारी
राजेंद्र पटेल
उपाध्यक्ष
संजय कश्यप
उपाध्यक्ष
नकुल साहू
युवा नेता
विनीत समस्त कार्यकर्तागण भाजपा मंडल बोरी दुर्ग


गणतंत्र दिवस की
की हार्दिक शुभकामनाएं



हमें ख्याल है आपके परिवार का, इसलिए हम सुनिश्चित करते हैं सुरक्षित एवं बेहतरीन सेवाएँ...
एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Deepak Advts.
आपातकालीन हेल्पलाइन : 62691 62691 फोन नं. 0788-4252222
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी, भारतीय रेलवे, एनएमडीसी, एनटीपीसी, एनएसपीसीएल, पॉवर ग्रिड, बी.ई.एम.एल., बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना - ओड़िशा एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियाँ, कॉरपोरेट संस्थाओं, शासकीय योजनाओं से कैशलेस इलाज हेतु मान्यता प्राप्त
www.sparshbhilai.com
info@sparshbhilai.com


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
GULATI UDYOG
120, Light Industrial Area, Bhilai
Ph. : 0788-4033445


भारत की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों की शहादत को कोटि कोटि नमन
गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों को अनेक-अनेक हार्दिक शुभकामनाएं...
विनीत - अनिल मेश्राम
प्रदेश अध्यक्ष-दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया
प्रदेश अध्यक्ष-अजा/अजजा अखिल भारतीय परिसंघ छ.ग.राज्य
कार्य. प्रांताध्यक्ष 'अजाक्स' छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
YOUR PARTNERS IN TRAVELLING
TRAVELTEK
Holidays Pvt. Ltd.
We're all Connected by a love for Travel !
*Terms and Conditions apply
Best Deals Discounts At Store
International Tour Package and Domestic Tour Package
Tour Packages
Hotals
Air Tikets
Destination Weddings
VISA
TOGETHER WITH SOTC
For holidays.
13, Civic Centre, Bhilai. Call : 9926707947, 9826273222



HAPPY 26 JANUARY
Happy REPUBLIC DAY
SRI SANKARA VIDYALAYA
SECTOR-X, BHILAI


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 January HAPPY Republic Day
Ramesh Mishra
SARTHI ENTERPRISES
House of Fire & Safety Equipments & Engineering Works
Specialist in Fire Fighting System and Govt. Contractor
Near IDBI Bank, Nandini Road, Bhilai Ph.: 0788-4092503, 9302831248, 9893287948 E-mail: sarthi.bhilai@yahoo.co.in


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!
सत्य प्रकाश बंजारे
समाज सेवी
सरस्वती बंजारे
समाज सेविका, ग्राम खेदामारा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज
बी. टेक, पॉलिटेक्निक
(कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिकल)
98261-26171 धनौरा, दुर्ग


गणतंत्र दिवस पर वीरांगत सेनानियों को शत्-शत् नमन
KWALITY HANDLING COMPANY
(FLEET OWNER AND TRANSPORT CONTRACTOR)
A TRUSTED NAME IN THE LOGISTICS & SUPPLY CHAIN BUSINESS
REGISTERED ADDRESS
KWALITY HOUSE
110/111, R.S.S. MARKET, POWER HOUSE, BUS STAND, BHILAI 490011 (CHHATTISGARH) Phone : 0788-2296459, 4030837



13 राम वनगमन पथ की झलक

## लाइव इवेंट

### दवा विक्रेताओं ने रक्तदान कर महादान का दिया संदेश




**दुर्ग** । अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीएस शिंदे के 75 वें जन्मदिन के अवसर को यादगार बनाने पूरे भारतवर्ष में दवा विक्रेताओं द्वारा रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। इस कड़ी में दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दवा विक्रेताओं ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव दीपक बंसल ने शिविर में प्रथम एवं अपने जीवनकाल में 72वां रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया।अखिल भारतीय दवा संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यह रक्तदान शिविर पूरे भारतवर्ष में एक साथ कराया जा रहा है। शिविर में 75 हजार यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए भी नामांकित करावाया गया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में संपूर्ण केमिस्ट साथी इस रक्तदान शिविर को लेकर काफी उत्साहित थे। यह शिविर सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष वकार हसन कामदार, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन, कार्यकारिणी सदस्य चिरंजीवी राठी, प्रमोद बाघ, मंगल गुप्ता, हर्षित ताम्रकार, गौरव अग्रवाल, विजय गुप्ता, सनी अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, राहुल जैन आदि मौजूद थे।




## सिटी इवेंट

### श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ में आचार्य सच्चिदानंद का मंगल प्रवेश, 48 दीपकों के साथ भक्तामर पाठ



**भिलाई**। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में जैन आचार्य सच्चिदानंद का मंगल प्रवेश हुआ। धार्मिक उत्साह के मध्य जैन मुनि सच्चिदानंद का सत्संग अभिनंदन किया गया। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा मुनिश्री को नमोस्तु करते हुए श्रीफल अर्पण किया। महिला समिति के साथ भक्तजनों ने आचार्य श्री का पद प्रक्षालन भक्तों ने किया। भगवान पारसनाथ की पावन प्रतिमा के साथ त्रिवेणी जैन तीर्थ मंदिर के मंगल दर्शन किया। अपने मंगल प्रवचन में जैन मुनि ने कहा कि भिलाई त्रिवेणी जैन तीर्थ देश में जैन समाज के लिए एक अनोखी मिसाल है, जहां सभी आमनाओं के लोग एक छत के नीचे रहते हैं। इस विश्व वंदनी त्रिवेणी जैन तीर्थ को देखकर उनका मन बहुत गदगद है। इसी एकता की आज समाज में जरूरत है। आप सभी बगैर किसी राग-द्वेष के देश के एक दूसरे के साथ जैन धर्म की संस्कृति को बचाने के लिए आने वाले युवा पीढ़ियों को धर्म से जोड़े रखें। धर्म से बढ़कर दूसरा और कोई नहीं है। आज एकता के साथ हमारे समाज को मजबूती के साथ आप सभी आगे बढ़ते रहें। क्योंकि जब भी कभी कोई काम पड़ेगा, तो हमारी सामूहिक एकता ही आप सभी को मजबूती प्रदान करें कि और आपका सभी कार्य निष्फल हो जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, सोमेश बाकलीवाल, कमल जैन सहित अन्य मौजूद थे। शनिवार की सुबह 7 बजे पूज्य आचार्य श्री के अमृत वचनों द्वारा भक्तों को संदेश दिया। भगवान शांतिनाथ और पार्श्वनाथ की मंगल प्रतिमा का अभिषेक हुआ। 48 दीपक के साथ भक्तामर जी का पाठ हुआ।

### विक्रम जनबंधु का चिंतन आकाशवाणी में कर होगी प्रसारित



**भिलाई**। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और कवि विक्रम जनबंधु का चिंतन 27 व 29 जनवरी को सुबह साढ़े 6 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित किया जायेगा। जनबंधु की इससे पूर्व भी कई कहानियां और कविताएं आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो चुकी है। कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और समसामयिक विषयों पर उनके लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहें हैं, उनका एक कहानी और कविता संग्रह शीघ्र प्रकाशित होने वाला है।

मतदाता जागरुकता अभियान जाबो के अंतर्गत जागव वोटर की शुरुआत

# हाथों में मेंहदी और घर के बाहर रंगोली सजाई, जागरुकता रैली भी निकाली, लोकतंत्र को मजबूत करने वोट जरूर डालें

**पंचायत और निकाय चुनाव का आगाज हो चुका है। इन दिनों नामांकन की प्रक्रिया चल रही। इस बीच जिला निर्वाचन द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हाथों में मेहंदी सजाकर घरों के बाहर रंगोली के माध्यम से संदेश उकेरकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इतना ही नहीं रैलियां निकाली जा रही है। शनिवार को बीआईटी कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, एसपी जितेंद्र शुक्ला सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। सभी ने लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।**

**दुर्ग**। संभाग आयुक्त ने कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, हमारा एक वोट एक अच्छा प्रतिनिधि चुन सकता है। उन्होंने नए मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। 11 नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किया। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं ने अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया गया। राठौर ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य देश में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत करना है। हम अपने वोट का सही उपयोग करके देश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। हमारा एक वोट ही सरकार बदल देता है। हमारा एक वोट एक अच्छा प्रतिनिधि भी चुन सकता है और बेकार प्रतिनिधि भी चुना सकता है। इसलिए ऐसे सरकार या प्रतिनिधि का चुनाव करें जो कि देश को विकास और तरक्की के पथ पर ले जा सकें। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदान के लिए जागरूक करना व नए मतदाताओं को इसकी उपयोगिता बताना है। लोकतंत्र जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए शासन है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ईवीएम से होगा। महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद के दोनों के लिए वोट दिया जाना है। नगरीय निकायों में 11 फरवरी और त्रिस्तरीय पंचायतों में 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं 23 फरवरी को मतदान होना है।



### स्वीप में बेहतर काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित



कार्यक्रम में स्वीप एवं निर्वाचन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 कर्मचारी, 11 नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड व प्रत्येक विधानसभा के एक-एक बीएल को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में नियुक्त प्राध्यापक नोडल अधिकारी एवं कैंपस एम्बेसडरों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव सहित विभागीय अधिकारी एवं कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में निकली रैली, प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान को बढ़ावा देने शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में जाबो कार्यक्रम अंतर्गत जागव वोटर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी रंगोली, मेंहदी, ग्राम स्तर पर रैली निकालकर और दीप जलाकर नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा भी मानव श्रृंखला बनाई गई। मतदान हमारा अधिकार के नारे के साथ नागरिकों ने मतदान की शपथ ली और मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया।



# आद्या पांडे को भारत नृत्य गौरव सम्मान, पहले मिल चुका नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा और नृत्य श्रेष्ठ अलंकरण

**भिलाई**। नागपुर में आयोजित भारत नटराज इंटरनेशनल आर्ट ओलंपिक इंक्रेडिबल आर्ट एंड कल्चर इवेंट जनवरी 2025 में भिलाई की 15वर्षीय नृत्यांगना आद्या पांडेय ने अपनी प्रस्तुति से सबको चकित कर दिया। प्रतियोगिता में उन्हें भारत नृत्य गौरव सम्मान से नवाजा गया। महाराष्ट्र कामगार कल्याण मंडल सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश से आए कलाकार ने भाग लिया। उन्होंने अपनी-अपनी कला को प्रदर्शित किया। आद्या पांडे ने अपनी प्रस्तुति से सबको प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पाना उनके लिए किसी गौरव की बात है। यह उनका चौथा अलंकरण है। इससे पहले नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा एवं नृत्य श्रेष्ठ जैसे अलंकरण से अलंकृत हो चुकी हैं। राष्ट्रीय स्तर एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित आद्या पांडे कक्षा 10 वीं की छात्रा हैं। आद्या पांडे जो कि शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम मे अपनी प्रतिभा से भिलाई का नाम कई बार रोशन किया। आद्या का भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में जूनियर स्कॉलार्शिप वर्ष 2023 के लिए चयन हुआ है, जो कि आठ साल तक के लिए रहेगा। आद्या भरतनाट्यम की शिक्षा अपने गुरु नृत्य चूडामानी से अलंकृत डॉ. जी रतीश बाबू से प्राप्त कर रहीं हैं। आद्या के पिता दिनेश पांडे भिलाई इस्पात सयंत्र के मरचेंट मिल मे कार्यरत हैं।



# डिज़ाइन कार्निवल 2025 में भिलाई की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

डिज़ाइन कार्निवल 2025 में चयनित एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की छात्राएं राधिका अग्रवाल और याना वर्षनेय ने अपने डिज़ाइन प्रस्तुतिकरण से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस इवेंट में उन्होंने लैक्मे फैशन वीक की प्रतिष्ठित जूरी के सामने अपने गारमेंट्स प्रस्तुत किए। यह भिलाई के लिए भी गर्व का क्षण था, क्योंकि छात्रों को इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। एनआईएफ ग्लोबल भिलाई की सेंटर हेड श्रीमती नेहा लुंदे ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारा संस्थान हमेशा छात्रों को ऐसे बड़े अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है। संस्थान के डायरेक्टर्स विक्रम खंडेलवाल और प्रकाश पारख ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि राधिका और याना ने न केवल संस्थान, बल्कि पूरे भिलाई का नाम रोशन किया है।



11 दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग कॉलेजों के प्राध्यापक भी पहुंचे

# बस्तर की लौह शिल्प कला की प्रदर्शनी साइंस कॉलेज में लगाई गई, स्टूडेंट्स ने जाना इतिहास

कार्नर न्यूज

भिलाई। साइंस कॉलेज दुर्ग में लोक संस्कृति के संरक्षण और छत्तीसगढ़ कला-संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही लौह शिल्प कला के अंतर्गत तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, के इतिहास विभाग द्वारा यह आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के प्राध्यापक और विद्यार्थी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की समृध्द लोक संस्कृति के संरक्षण एवं युवा पीढ़ी को इससे परिचित कराने तथा स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के लिए यह आयोजन किया गया। रूसा 2.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन हेतु सुप्रसिध्द बस्तर लौह शिल्प की ग्यारह दिवसीय कार्यशाला में जानकारी दी गई। लौह शिल्प कार्यशाला के उद्घाटन अवसर प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने किया।इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक, उच्चशिक्षा विभाग डॉ. राजेश पाण्डेय, जनभागीदारी समिति के सदस्य, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय मौजूद थे।



### स्टूडेंट्स ने जाना शिल्प कला की बारीकियों को

कार्यशाला में बस्तर लौह शिल्प के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार राजेन्द्र बघेल, सह-कलाकार मनोज कुमार बघेल एवं राजू बघेल विद्यार्थियों को शिल्पकला की बारीकियों से परिचित कराया। इतिहास विभाग के डॉ. एके पाण्डेय ने बताया कि लौह शिल्प के निर्माण की प्रक्रिया में सर्वप्रथम लोहे की चादर पर कलाकृति को उकेरा जाता है, और फिर छेनी, हथौड़ी के प्रयोग से उसे काटा जाता है। अगले चरण में कृति की सूक्ष्मताओं को उमारा जाता है। तत्पश्चात लोहे के तार से हाथ, पैर, आभूषण, वाद्ययंत्र तथा अन्य उपकरणों की भट्टी में पकाकर मनचाही आकृतियों का निर्माण किया जाता है। अंतिम चरण में कलाकृति की घिसाई पहले केवल काले रंग से कर फिर विविध रंगों से सुसज्जित किया जाता है।

### बस्तर की ऐतिहासिक छवि को लौह शिल्प में उकेरा

प्रदर्शनी के दौरान जानकारी दी गई कि लौह शिल्प में बस्तर की इन्द्रधनुषी जीवन छवि के चित्रों को अंकित किया जाता है। बस्तर की ऐतिहासिक छवि को उकेरा जाता है। इस दौरान विस्तार से कला से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि इसे सहेजने के लिए शासन स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थाओं में इसकी जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में इतिहास विभाग तथा महाविद्यालय के अन्य विभागों के विद्यार्थी लौह शिल्प को न केवल उत्साहपूर्वक सीख रहे हैं, वरन्‍कलादक्षता के साथ कृतियों का निर्माण भी कर रहे हैं।



सिटी इवेंट

## मंगलाचरण व गुरु वंदना कर सुनाई कबीर वाणी, जुटे लोग



**भिलाई।** तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग महायज्ञ का आयोजन कबीर आश्रम निर्मल ज्ञान मंदिर नेहरू नगर भिलाई में आयोजित किया गया है। आश्रम के 56वें स्थापना महोत्सव के अवसर पर 24 से 26 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने सांसारिक जीवन में आज भी संत कबीर के प्रासंगिकता पर अनेक उदाहरण देकर अपने जीवन को सार्थक बनाने की बात कही। इस कार्यक्रम में प्रखर आध्यात्मिक प्रबोधक संत निष्ठा साहेब एवं संत मंडली, संत कबीर आध्यात्मिक संस्थान विशाल नगर बाराबंकी उत्तर प्रदेश ने शिरकत की। उन्होंने अपनी वाणी से भक्त समाज को कबीर के पद चिन्हों पर चल कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रतिदिन होने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मंगलाचरण, भजन सत्संग, साहेब का उद्बोधन और द्वितीय सत्र में गुरु वंदना, आध्यात्मिक उद्बोधन, मंगलाचरण और भजन सत्संग आयोजित किए गए। संत मंडली में प्रांजल साहेब दिनेंद्र साहेब, हरेंद्र साहेब, शुभ साहेब नेपाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अंचल के धार्मिक व आध्यात्म में रुचि रखने वाले भक्त और कबीर आश्रम से साध्वी जन, संस्था के ट्रस्टी, प्रबंधन समिति, युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थे। समिति के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगो को संत कबीर की वाणी का श्रवण लाभ लेने अपील की है।

- आश्रम के 56वें स्थापना दिवस पर 3 दिवसीय महोत्सव आयोजित
- तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का समापन आज

● नेशनल साइंस डे पर सेंट थॉमस कॉलेज में हुआ आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी साइंसिया में स्टूडेंट ने दिया प्रजेंटेशन, वैज्ञानिक समझ को विकसित करना आगे बढ़ने की चाबी है : एवी मनोज

**भिलाई।** वैज्ञानिक समझ को विकसित करना आगे बढ़ने की चाबी है और विज्ञान प्रदर्शिनी विज्ञान की दुनिया को वास्तविकता में जानने और समझने का बेहतर जरिया। विज्ञान हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है जिसके जरिये हम दिन-रात और 24 घंटे दैनिक कार्य कर पाते है। सुबह सोकर उठने से लेकर रात में सोते तक विज्ञान काम करता है। यह बात भिलाई इस्पात संयंत्र के जीएम ईएम एंड प्रोजेक्ट ए.वी. मनोज ने विज्ञान प्रदर्शिनी के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुई कही। सेंट थॉमस कॉलेज में नेशनल साइंस डे के अवसर पर इंटर स्कूल और इंटर कॉलेज विज्ञान प्रदर्शिनी और पावर पांइट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के जीएम ईएम एंड प्रोजेक्ट ए.वी. मनोज उपस्थित थे। विज्ञान प्रदर्शिनी साइंसिया को संबोधित करते हुए ए.वी. मनोज ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूल और क़लेज के विद्यार्थियों को विज्ञान के व्यवहारिकता को समझने कोशिश करनी चाहिए। भले ही उन्हें पुरस्कार मिले या न मिले। उन्होंने स्टूडेंट को दैनिक दिनचर्या में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए कई उदाहरणों से उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।




### पीपीटी प्रजेटेंशन में यह रहे विजेता




सेंट थॉमस कॉलेज में नेशनल साइंस डे के अवसर पर इंटर स्कूल और इंटर कॉलेज विज्ञान प्रदर्शिनी और पावर पांइट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कॉलेज लेवल पर पीपीटी प्रजेटेंशन प्रतियोगिता में पहले स्थान पर के. खुशी तिवारी दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव रही। दूसरे स्थान पर उमंग साहू और अरमान मित्तल, आर. एस आर. कॉलेज रहे। जबकि तीसरे स्थान पर शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के वाय. जयेन्द्र और गजाधर साहू विजेता रहे। कॉलेज लेवल पीपीटी और मॉडल प्रजेंटेशन में पहले स्थान पर तेजस्वी सार्वा और अभिलाष चन्द्राकर एमएससी बॉटनी सेंट थॉमस कॉलेज एवं शासकीय कॉलेज निकुम के सुमन साहू, दीप्ति, ढालेन्द्र व नीतू रहे। वहीं तीसरे स्थान पर लिमन सोनवानी व अविनाश कौर बीएससी फाइनल सेंट थॉमस कॉलेज विजेता रहे।


### वैज्ञानिक सोच के साथ उपयोग करना बड़ी चुनौती

विज्ञान प्रदर्शिनी साइंसिया आयोजन के अवसर पर कॉलेज के प्रशासक डॉ. पी.एस. वर्गीस ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि एक अच्छी तरह से कुशलता प्राप्त व्यक्ति ही बेहतर समाज का गठन कर सकता है। आज के दौर में अपने आसपास बिखरे ज्ञान और सूचनाओं को समाज की भलाई के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ उपयोग करना सबसे बड़ी चुनौती है। ताकि विद्यार्थी एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज में स्थापित हो। वहीं प्राचार्य डॉ. एम जी. रोईमोन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने अकादमिक ज्ञान के विकास के साथ-साथ विद्यार्थी के समग्र विकास पर बल दिया। जिसमें व्यक्तित्व विकास, भावनात्मक विकास, समाजिक और तकनीकी कौशल का विकास शामिल है। यही आज शिक्षा की जरूरत है। इस अवसर उप प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. चंदा वर्मा, डॉ. ज्योति बख्शी, डॉ. अरविंद साहू सहित प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



एजुकेशन लाइव

## फॉरेंसिक विज्ञान के प्रति समझ विकसित करने वेबीनार पर रखे अपने विचार




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का शीर्षक पर्यावरण विष फॉरेंसिक विज्ञान, कानूनी मुद्दे एवं चुनौतियां था। वेबीनार के विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर यादव सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर रहे। डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम जिस बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, पर्यावरण विष विज्ञान छात्रों के पास दुनिया के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए आवश्यक अत्याधुनिक शिक्षा है। उन्होने पर्यावरणीय विष विज्ञान को पर्यावरण में रसायनों के खतरनाक प्रभावों के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि अध्ययन क्षेत्र पर्यावरण में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जहरीले रसायन हैं, यानि पौधों और जीवों से निकलने वाले विषाक्त पदार्थ भी इसमें शामिल हो सकते हैं। यह मानव विज्ञान विषय के पर्यावरणीय रसायनों के अध्ययन से भी जुड़ा है। इस वेबीनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण फॉरेंसिक विष विज्ञान के प्रति समझ विकसित करना तथा इस नवीन विषय के महत्व को उजागर करना था। विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. डॉ. आर. एन. सिंह ने अपने उद्बोधन में फॉरेंसिक विज्ञान की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रो. डॉ बी.एन. तिवारी ने वेबीनार के आयोजन को ज्ञान-विज्ञान के प्रसार एवं विकास के लिए आवश्यक बताया। अधिष्ठाता लाइफ साइंस डॉ श्वेता एन. ने आभार व्यक्त किया गया। वेबिनार में प्राध्यापक डॉ. स्वाति पाण्डे, डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम, जयन्त बारीक, समीक्षा नैय्यर सहित काफी संख्या में समस्त संकायों के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। वेबीनार से अन्य संस्थाओं के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को भी लाभ मिला। कार्यक्रम का संयोजन फॉरेंसिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष निशा पटेल द्वारा किया गया था।

राम वनगमन पथ की झलक

## गंगा आरती देख भक्त हुए भाव-विभोर, 11000 दीप जले

**भिलाई।** विश्व शांति सेवा धाम समिति और कुथरेल ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में राम मंदिर के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन और भी शानदार हुआ। ग्राम कुथरेल में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के 1 साल पूरे होने पर पूरा गांव भक्ति में सराबोर हो उठा। दोपहर में प्रभु राम की शोभायात्रा गांव में निकाली गई। जिसमें पूरा गांव राम भक्ति की मस्ती में झूम उठा। शाम को 11000 दीप जलाए गए। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई, राम वनगमन पथ का शानदार नजारा भी देखने को मिला।



### छोटी गंगा आरती देखने की आध्यात्मिक अनुभूति

इस अवसर पर विद्वान पंडितो द्वारा सामूहिक आरती की गई। गंगा आरती की तर्ज पर छोटी गंगा आरती हुई। भव्य आरती तो देख श्रद्धालुओं के रोंगटे खड़े हो गए। ऐसा लगा कि भगवान एक पल के लिए यही आ गए हैं। यह श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय पल बन गया। जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण भी हुआ। रात में शानदार खुमान साव सम्मान प्राप्त दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा का मंचन हुआ।



### कार्यक्रम में की शिरकत

कार्यक्रम में रमशिला साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सभापति ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, राजश्री चंद्राकर सरपंच, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, लोमश चंद्राकर उप सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य टीकाराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य रेखा राजकुमार साहू, देवनारायण चंद्राकर, पद्माकर चंद्राकर लोकनाथ साहू पूर्व सरपंच, शेष नारायण शर्मा, दिग्विजय सिन्हा सहित समिति के संयोजक लोकेश देशमुख, अध्यक्ष लीलेश देशमुख, उपाध्यक्ष डायमंड देशमुख, सचिन पेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रेमन देशमुख सहित समिति के सभी सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन

## वृद्धाश्रम रामशीला की कुटिया में मनाई गई चौथीं वर्षगांठ, वरिष्ठ हुए सम्मानित




**भिलाई।** जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च आर्गेनाइजेशन भिलाई में संचालित रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम की चौथीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑटोमेशन एंड डिजिटलाइजेशन विभाग के उमाशंकर बरवाल, अरूप राय एजीएम, अशोक गुप्ता, भूषणलाल देवांगन, राजू सैमसंग उपस्थित हुए।

उमाशंकर बरवाल ने संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग करने की बातें कही। भूषणलाल देवांगन ने कहा कि ऐसे आश्रम नहीं खुलने चाहिए, लेकिन इस आधुनिकता में समय की मांग है। अरूप राय ने भी अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा नशामुक्ति और वृद्धाश्रम जैसे संवेदनशील और ज्वलनशील मुद्दे पर किए जा रहे कार्यो के लिए टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार हम सामाजिक सदभाव को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति को आत्मसात कर रहे है. यही कारण है कि सामाजिक कुरुतिया दिन पर दिन बढ़ते जा रही है। संस्था अजय कल्याणी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन संस्था के फाउंडर रामराव जिन दंपत्ति के नाम पर वृद्धाश्रम का नामकरण किया गया है, उन्होंने आज 80 वर्ष पूर्ण कर लिए है। अतिथियों ने रामराव का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ बी आर मालवीय, घनश्याम सोनी, वीआरगीद, एस के रायसागर, पी एन शर्मा, राजकुमार अम्बवानी, एम एस मित्रा, एस बी बुलबुले, आर के रावत, बी एस रविकुमार, हर्षवर्धन वजे, धीरेन्द्र जैन, संदीप गुप्ता का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कल्याणी फाइटर करीब 25 छात्राएं है, जो गली, मोहल्लो, स्कूल और कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बुजुर्गो के दुर्व्यवहार के विरुद्ध और नशामुक्ति जागरूकता अभियान करती है। इस अवसर पर संस्था के समन्वयक मनीष दास परवार व रौशन झा, कल्याणी फाइटर्स दामिनी, प्रिया सोनकर, वैशाली, तुलेश्वरी, आंचल, सोनाली, पायल, ओआरडब्ल्यू प्रीतम, मुकेश, शशि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वैशाली देवांगन ने किया।

समाज इवेंट

## लंबी कूद, गोला फेंक और भाला फेंक में विजेताओं को मिला मैडल



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर दुर्ग के तत्वावधान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष व महिलाओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तंवा फेंक, भाला फेंक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गोला फेंक पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम गोविंद और सौ मीटर महिला प्रतियोगिता में प्रथम चंचल, दो सौ मीटर दौड़ में तेजकरण और श्रद्धा प्रथम स्थान पर रही। 400मी दौड़ में रामाधीन और छविता प्रथम स्थान पर रही। लंबी कूद में संजना, चंचल प्रथम, ऊंची कूद में कृष्णा, चंचल प्रथम, गोला फेंक में शाहिद, इशिका प्रथम, चक्र फेंक में विष्णु दास, इशिका प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ी को प्राचार्य व प्राध्यापको द्वारा मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंग ने विजेता ओर उपविजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राध्यापक महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी लक्षमेद्रं कुलदीप और महाविद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

नेताजी जयंती पर कवि सम्मेलन, सांसद ने गाया मोर संग चलौ जी

# कवियों ने कविता और गीतों के माध्यम से रखी अपनी बात, ओजस्वी वाणी से युवाओं को किया प्रेरित

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कला मंदिर भिलाई में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नीरज पाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार दिवाकर मुक्तिबोध ने बदलते समय में पत्रकारिता के स्वरुप और सोशल मीडिया के प्रभाव गुणवत्ता तथा गुण दोषों पर विचार व्यक्त किया। वरिष्ठ शिक्षाविद आई पी मिश्रा तथा महापौर नीरज पाल ने भी सभा को सम्बोधित किया। सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम में शिरकत कर छत्तीसगढ़ी गीत 'मोर संग चलौ जी, मोर संग चलौ ना की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया।





### मंचस्थ सभी कवियों ने विशुद्ध कविता और गीतों के माध्यम से रखी अपनी बात

नेताजी जयंती पर राजीव चौबे द्वारा कवि सम्मलेन का आयोजन पिछले लगभग 10 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस समारोह में बॉर्डर सेक्यूरीटी फॉर्स के तीन डी आई जी रतन लाल बागड़ी, विपुल मोहन बाला तथा बक्सराज कौशल अपनी पूरी यूनिट के साथ विशेष तौर उपस्थित रहे। कवि सम्मलेन में ओज रस के डॉ हरिओम पंवार, हास्य के डॉ प्रवीण शुक्ला, गीतकार डॉ रुचि चतुर्वेदी एवं युवा गीतकार भरत द्विवेदी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौबे ने किया। इस अवसर पर श्री चौबे ने कहा कि हास्य के नाम पर परोसी जा रही फूहड़ता के खिलाफ यह उनका रचनात्मक अभियान है। मंचस्थ सभी कवियों ने विशुद्ध कविता और गीतों के माध्यम से ही अपनी बात रखी। राजीव चौबे ने जहां चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु के शौर्य का वर्णन किया, वहीं डॉ हरिओम पवार ने विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार से अपनी अपेक्षाओं को आवाज दी। साथ ही उन्होंने नए दौर के भारत का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली के सिंहासन पर अब शेर बैठा है, उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से युवाओं को प्रेरित भी किया। डॉ प्रवीण शुक्ला ने अपने चिरपरिचित अंदाज में लोगों को गुदगुदाया। डॉ रुचि ने सरस्वती एवं मां भारती के गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। रायपुर के युवा कवि-गीतकार भरत द्विवेदी ने अपनी रचनाओं और प्रस्तुतियों के द्वारा न केवल श्रोताओं का बल्कि मंच का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### सहकार भारती के गिरधर बने दुर्ग संभाग संयोजक

**भिलाई।** छत्तीसगढ सहकार भारती



पैक्स प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग के संयोजक गिरधर सोनी को बनाया गया है। यह नियुक्ति छग सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लेने के बाद किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। गिरधर सोनी वर्तमान में उतई सहकारी समिति के प्रबंधक पद पर कार्यरत है। दुर्ग जिले की वर्ष 2023 में धान खरीदी में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मानित भी किए जा चुके हैं। इस समिति में धान बेचेन आए कृषकों के लिए भोजन व्यवस्था का संचालन करवाने में उनकी सराहनीय भूमिका रही है।

### विभागीय परीक्षा स्थगित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा नगरपालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2025 के कारणवश स्थगित की गई है।

## निधन

### पुष्पा जोशी

**भिलाई।** एलआईजी 67 वैशालीनगर निवासी पुष्पा जोशी



पति स्व. मनोहर जोशी का निधन शनिवार को हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र सुहास और सुभाष जोशी और पुत्री सविता, सरिता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गयी। उनकी अंतिम यात्रा एलआईजी 67 वैशाली नगर भिलाई से 26 जनवरी को सुबह 11 बजे रामनगर के लिए निकलेगी।

### सुषमा तिवारी

**भिलाई।** जवाहर नगर दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य सुषमा तिवारी



का निधन शनिवार को हो गया । वे शिव तिवारी की पत्नी तथा अभिषेक तिवारी की मां थीं। उनका अन्तिम संस्कार 26 जनवरी को 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम पर किया जाएगा।

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**// सूचना //**

मामले का विषय - अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक - 833 /अ-27/ वर्ष 2022-23
पक्षकार—चेतन लाल विरूद्ध त्रिलोचन साहू सिताबाई साहू आ. स्व. संतराम साहू निवासी ग्राम व पो. बांधातालाब जिला-दुर्ग (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी चेतन लाल आ. सावंत राम साहू निवासी- ग्राम बघेरा थाना सोमनी तह. व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला- राजनांदगांव के प्रकरण क्रमांक 202207090700061 अ-27 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 28.02.2023 के विरुद्ध छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 27.02.2025 दिन-गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 09.01.2025 **आयुक्त दुर्ग संभाग, दुर्ग**

### 46 जवान देश की सरहदो व नक्सल प्रभावित जिले की सुरक्षा में तैनात

# गरीबी के आग में तप सोने की तरह चमक रहे युवा, खाकी वर्दी का गढ़ बना आलबरस

दिलीप साहू ▶▶ निकुम

ग्राम आलबरस में मिट्टी के रग-रग में देशभक्ति का जूनून है, लगभग तीन हजार की आबादी वाले इस गांव की आंचल में अनेक प्रतिभाओं और अनमोल रत्नों को पूरे प्रदेश ,देश में बिखेर कर भारतमाला की तरह देश के लिए सुशोभित हो रहा है। इस गांव में 46 जवान देश की सरहदो और प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिले में सुरक्षा में तैनात है। इतने बड़े तादात में देश सेवा के लिए जब जिक्र होता है ,तो लोग दांतों तले उंगलियां दबाकर आश्चर्य करते है। आलबरस के माटी का ही कमाल है कि यहां के जवान सबसे ज्यादा वर्दी पहन कर देश सेवा करने लालायित दिखते है। गौरतलब हो कि भारतीय सेना से लेकर नगर सैनिक, पुलिस जवान, एसटीएफ में बेटियां भी सेवा कर रही है। युवा देश की सरहदो पर पर तैनात है,वहीं किसान गांव के मिट्टी की सेवा कर रहे हैं। गौरतलब हो आलबरस गांव में बने लाल ईट से दुर्ग-भिलाई सहित कई जिलों में अलग ही पहचान है।

### ग्रामीणों को अपने माटी पुत्रों पर गर्व



### समाजिक व जरुरतमंदों का सहयोग करते जवानों का ग्रुप




वहीं जवानों ने एक टीम बनायी है, जो कि गांव के धार्मिक ,समाजिक , खेलकूद ,जरुरतमंद परिवारों को समय-समय पर मदद कर मानव सेवा ही माधव सेवा ही मातृभूमि सेवा का फर्ज निभाकर गांवों के युवाओं के हौलसे को आसमान में उड़ने का हिम्मत दे रहे है।

### ठिठुरते ठंड लद्दाख व नागालैण्ड में जवान कर रहे भारत माता की सेवा



इस गांव के जवान छत्तीसगढ़ के घोर नक्सली क्षेत्र बीजापुर, सुकमा से लगकर देश के दुर्गम परिस्थिति वाला क्षेत्र लद्दाख एवं गलेशिया, आसाम एवं नागालैण्ड में अपनी सेवाएं दे रहे है। साथ ही अन्य देश साउथ अफ्रीका में अपनी सेवा दे रहे है। भारतीय सेना में 7 जवान भुवन देशमुख, देवलाल ठाकुर, खेमलाल धनकर, डामन नेताम, चन्द्रप्रकाश देशमुख, भिगु देशमुख वहीं असम राइफलस उमेश यादव, सीआरपीएफ में टोमनलाल नेताम, पुकेश्वर देशमुख, सीआईएसएफ 3 जवान ,सीएएफ में 10 जवान ,जिला पुलिस में 17 पुलिस जवान वहीं छग नगर सैनिक में विजय नेताम और अग्निवीर में प्रीतम पारकर देश की सेवा कर मान बढ़ा रहे है। देवलाल ठाकुर आर्मी में मेजर है। वहीं भुवनलाल देशमुख मेजर से रिटायरर्ड हुए है। गांव के किसान अशोक देशमुख को उन्नत खेती के लिए पूर्व में सम्मान मिल चुका है। वहीं गांव के रत्न पंथी के पितामह पुरानिक चेलक बाबा घासीदास के संदेश व पंथी को पूरे प्रदेश में अलग ही पहचान दिलाई। वहीं प्रशासन से पुरस्कार मिला बीआर बघेल, माखन चंदेल, द्वारिका देशमुख, नेतराम देशमुख सहित कई लोग सेवा कर रहे है।

## निगम में मतदाता जागरूकता के तहत अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय मतदाता दिवस परिपालन में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी हो चुकी है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भिलाई क्षेत्र में वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड एवं 35 शारदा पारा केम्प-2 में पार्षद चुनाव कराया जा रहा है। जिसके लिए नागरिको को अपने-अपने वार्ड में प्रत्यासियों का चयन करने मतदान कराया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने दोनों वार्ड के बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दे दिये है। जिससे मतदान करने आये हुए नागरिकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वार्ड के अधिक से अधिक नागरिकों को अपना मत देने प्रोत्साहित करना है। जिससे नागरिक अपने मत का सही उपयोग कर अपने पसंद का अपने वार्ड का प्रत्याशी का चयन कर सके। इस बार निगम का लक्ष्य है 100 प्रतिशत मतदान करेंगे, अपने वार्ड का पार्षद चुनेंगे।

■ ननि चुनाव में लोगों को 100% मतदान करने किया प्रेरित

### हेल्प डेस्क पे फोन कर जानकारी प्राप्त करें

**भिलाई।** निगम भिलाई में पूछताछ काउंटर खुला हुआ है, जिसका संपर्क एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यरत है। नागरिको को नगर निगम भिलाई से संबंधित संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक, लीज नवीनीकरण, फ्री-होल्ड, गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लोक सेवा गारंटी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी अजीविका मिशन, साफ-सफाई इत्यादि कार्यों के लिए ननिभि आकर जानकारी प्राप्त करनी पड़ती है।

## चुनाव को लेकर भाजपा उतई मंडल की हुई बैठक, लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा उतई मंडल ने नगर पंचायत उतई के रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया। इस बैठक में नगर पंचायत प्रभारी मनोज सोनी जिला मंत्री दुर्ग,

■ चुनाव के लिए टिकट जिसको भी मिले करें सहयोग : रमशीला

पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा और कई वरिष्ठ कार्यकर्ता व दावेदार शामिल हुए। मंच संचालन मंडल महामंत्री सोनू राजपूत ने किया। आभार प्रदर्शन नगर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू ने किया। उतई नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 10 दावेदार आए सामने। दावेदारी करने वालों में प्रमुख रूप से सविता साहू, रंजना चंद्राकर, लता सोनवानी, रेखा साहू, सरस्वती साहू, सुनीता वर्मा, प्रभा साहू, रत्ना चंद्राकर, कुसुम देवांगन, सुनीता



शर्मा, बैठक में पंचायत और नगर पंचायत के विभिन्न पदों के लिए दावेदारों से उनके बायोडाटा लिए गए। वहीं पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि संगठन में हर कार्यकर्ता को दावेदारी का अधिकार है, लेकिन अंतिम निर्णय संगठन का होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि जो भी प्रत्याशी चुना जाए, उसे सभी को मिलकर जीताना होगा। जिला मंत्री बैठक प्रभारी मनोज सोनी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत और नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा।

जिला मंत्री रोहित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए पंचायत और नगर पंचायत में भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों का चुना जाना जरूरी है। इस बैठक में चुनावी रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, चंदु देवांगन, पार्षद सतीश चंद्राकर, सरस्वती साहू, शुभम वर्मा, घनश्याम चंद्राकर, डॉ. अनिल साहू, प्रशान्त ठाकुर, चंद्रशेखर बंजारे, फलेंद्र सिंह राजपूत, शीतल रात्रे, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, दनेश्वरी देशमुख, कौशलिया नारंग, ओमबाई साहू, रूपा यादव, भारती साहू आदि मौजूद थे।

## खुले में मांस विक्रय करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस, चिकन, मछली अवैध रूप से विक्रय करने वालों पर निगम की टीम कार्रवाई की। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पांचों जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया है कि अपने-अपने जोन स्तर पर टीम गठित किया जाए। स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत की जाती है कि अवैध रूप से चोरी छिपे मांस, मछली आदि का विक्रय उनके क्षेत्रों में किया जा रहा है। जबकि ननि भिलाई द्वारा इसके लिए पूर्व से ही आखेट परिसर सुपेला, पावर हाउस, खुर्सीपार आदि जगहों पर स्थान निर्धारित किया गया है। वहीं पर विक्रय किये जाने की अनुमति है। विक्रय करने से पूर्व



शासकीय नियमों का पालन करना आवश्यक है। कहीं पर भी दुकान लगाकर बेचना, कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम

### अर्थदंड भी वसूला

अधिनियम 1956 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करें। जो भी दुकानदार खुले में मांस विक्रय करते दिखे तो उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करते हुए सामाग्री को जब्त किया जावे। शुक्रवार को निगम भिलाई के जोन 1 एवं 3 में कार्रवाई करते हुए 1800 रूपये का अर्थदण्ड लेकर रसीद दी गई। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिस दिन मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगा हो। उस दिन कोई भी दुकानदार मांस विक्रय न करें। कहीं पर भी मांस मछली विक्रय करना पूर्णता प्रतिबंधित है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी आदि मौजूद थे।

## अंचल- शहर की खबरें

### वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह



**उतई।** उतई स्थित द्रोणाचार्य इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार विरतण समारोह मनाया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं के नन्हे मुन्हे बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, देशभक्ति गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने कहा कि यही छोटे-छोटे प्यारे बच्चे हमारी देश और प्रदेश का भविष्य है। इनका अभी से पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद पर उचित देख भाल करना सभी पालकों का कर्तव्य है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

**पाटन।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ का आयोजन डॉ. अरुण कुमार मिश्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी रेणुका वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ कराया गया। कार्यक्रम की अतिथि व्याख्याता टीकेश्वर कुमार पाटिल ने कहा कि किसी भी देश में लोकतंत्र को संचालित करने के लिए व्यस्क मताधिकार गुप्त मतदान तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पद्धति को आवश्यक माना गया है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत में मताधिकार व्यस्क नागरिकों को जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग, वंश, शिक्षा, संपत्ति, भाषा,लिंग आदि के भेदभाव के बिना उसकी व्यस्कता के आधार पर मताधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. आलोक शुक्ला, भारती गायकवाड़, अंबिका ठाकुर बर्मन, रेणुका वर्मा, टीकेश्वर कुमार पाटिल, शिखा मडरिया, डॉ. दीपा बाईन, दानेश्वर प्रसाद एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पूर्व गृहमंत्री ने ननि संबंधित ली चुनावी बैठक



**उतई।** नगर पंचायत उतई में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में नगर पंचायत उतई में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व चुनाव प्रभारी प्रदीप शर्मा ने सभी प्रत्याशियों से एक-एक करके बात कर सभी से रूबरू हुए और सभी को शुभकामनाएं प्रेषित किए। प्रभारी ने बैठक में सभी ने मिलकर उतई में एकजुट होकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी पार्षद गण तोशन साहू प्रहलाद वर्मा राकेश साहू पूर्व एल्डरमेंन प्रेम नारायण साहू कांग्रेस पार्टी के साथी गण शैलेश देवांगन चोवराम साहू मुकेश साहू धनंजय नेताम द्वारिका साहू पार्षद बीरेंद्र गिरी गोस्वामी खेमन मंडावी भरत मंडावी संजय गिरी गोस्वामी नंदकुमार लोकनाथ भारती संजय श्रीवास्तव विजय पांडे मुकेश साहू गोविंद बंजारे टीकम डोडे अजय कुमार ढीमर महिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य सरोज ठाकुर रामशिला सुनीति साहू पिंकी ढीमर रामशिला नेताम ख़ेमिन बंजारे पार्वती मंडावी हीरादेवी वर्मा हुलसी वर्मा राधिका हिरवानी सुनीति साहू अन्य कांग्रेस पार्टी के समर्पित साथी उपस्थित थे।

### डॉ. अवधराम का मृत शरीर दान



**दुर्ग।** कसारडीह निवासी डॉ. अवध राम चंद्राकर के मरणोपरांत उनका मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन के लिए दान किया गया । डॉ.अवध रामचंद्राकार द्वारा अपने जीवन काल में देहदान के संकल्प लिया गया था। 99 वर्ष की अवस्था में उनकी मृत्यु के पश्चात उनके परिजनों की सहमति से प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी द्वारा देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। स्व. अवधराम चंद्राकार का मृत शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज को दान किया गया। देहदान के पुनीत कार्य हेतु उनके पुत्र प्रफुल्ल चंद्राकर, पवन चंद्राकर ,अशोक चंद्राकर,चेतन चंद्राकर, मोनू, लालू, प्रज्ञा चंद्राकर, प्रतिभा चंद्राकर, तृप्ति चंद्राकर , पार्षद प्रकाश गीते,उत्तरियां ,श्रीमती विद्या चंद्राकर, चंद्रलेखा चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, सिद्धार्थ,क्षितिज ,मानसी ,पूजा ,ज्योत्शना ,पीयूष ,मधुर ,अभिषेक, ईशा, केशव चंद्राकर इंद्रजीत चंद्राकर बृजेश चंद्राकर, नरेश चंद्राकर,भारत चंद्राकर ,हरि शंकर चंद्राकर, , विश्वास चंद्राकर, भीखम साहू, श्रद्धा चंद्राकर आदि ने अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की।

### पीएम आवास योजना से लाभान्वित हुए हितग्राही

# 6789 हितग्राहियों को मिला पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में कुल 5115 आवास स्वीकृत हुए है। इसमें से 4978 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष 337 आवास प्रगतिरत है। इनमें से हितग्राहियों को उनके मांग के अनुसार लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 1397 सर्वे फार्म अभी तक आये है जिनमें से 159 आवेदनों का आनलाईन एन्ट्री किया जा चुका है।

ऐसे सभी हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भेजी जा रही है। विष्णु की पाती शीर्षक से एक पत्र विष्णु देव साय का हस्ताक्षर है। जिसमें उन्होनें अपने संदेश में कहा है कि पक्का आवास लोगों का एक सपना होता है। यह खुशी है प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मदद मिली, हितग्राही के परिवार को। उक्त मकान को केन्द्र रखकर कल की बुनियाद गढ़े, यह भी वादा किया गया है कि ऐसे अनेक जनकल्याणकारी



योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिलती रहेगी। हर परिवार की खुशहाली प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। मोदी सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना आज देश भर में करोड़ो लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसका उददेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति, जिनका पक्का मकान बनाना सपना होता है। ऐसे व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना घर-घर पहुंचाने का प्रदेश सरकार का सपना है। निगम भिलाई क्षेत्र में दिसम्बर 2024 तक 6789 मकान निर्माण करके आबंटित किया गया है। इसमें से स्वयं के पटटे या आबंटित भूखण्ड पर बीएलसी 4978 एवं 1846 एएचपी किरायेदार अपने मकानो में निवास कर रहे है। ऐसे सभी हितग्राही जो खुशहाली पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे है उन्हे पत्र भेजा जा रहा है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर निर्वाचन आयोग द्वारा सम्मानित

**दुर्ग**। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य के लिये दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त अजय सिंह ने कलेक्टर सुश्री चौधरी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि कराने में सफलता हासिल की थी। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर सुश्री छाया साहू को भी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट संपादन के लिये सम्मानित किया गया है।

### छग में 6 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव : गजेंद्र

**दुर्ग**। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट' का दूसरा चरण आयोजित किया गया। छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है। यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से 6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए।

# सेवा केन्द्रों में सप्ताहभर से सर्वर खराब, चुनाव के बीच प्रत्याशी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चिप्स द्वारा प्रदेश में नया पोर्टल लागू किए जाने के चलते पिछले पन्द्रह दिन से जिले से प्रदेश में सर्वर डाउन होने की समस्या बनी हुई है। चुनाव के बीच कई प्रत्याशी निवास, जाति प्रमाण पत्र बनाने भटक रहे है। लेकिन इस समस्या का सामधान प्रदेश स्तर से नही हो पा रहा हैं। जिसके कारण लोक सेवा केन्द्र में आवेदनों की एंट्री तक नही हो पा रही है। वही फरियादि बेहद हालाकान हो गए है।

जानकारी अनुसार वर्तमान में निकाय चुनाव की प्रक्रिया जारी है, वही आगामी दिनों पंचायत चुनाव भी होने है। ऐसे में सर्वर डाउन होने से सवाल उठ रहे है। इस समस्या को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भी संज्ञान नही लिया गया है। दुर्ग तहसील में कई प्रत्याशी सर्वर की समस्या से मासूस होकर लौट रहे हैं। चिप्स के अधिकारियों ने बताया कि, यह समस्या न सिर्फ जिला बल्कि प्रदेशभर में बनी हुई है। उन्होने बताया कि, पूर्व में पुराना पोर्टल था, जिसे बदलकर नया पोर्टल लांच किया गया है। लेकिन इसके बाद भी सर्वर की समस्या बरकरार हैं।

## छात्र, किसान और नेता चुनाव के बीच हो रहे परेशान, जिलेभर में सामने आ रही समस्या

### जाति प्रमाण पत्र बनाने की ज्यादा दरकार

चुनाव के चलते कई उम्मीदवार जाति प्रमाण पत्र बनाने पहुंच रहे हैं। पूर्व पार्षद काशीराम कोसरे ने बताया कि, कई दिनों से सर्वर खराब है। जिससे समस्या बनी हुई हैं। वही पुलगांव से मनराखन साहू ने बताया कि, सर्वर की समस्या बताकर आवेदनों की एंट्री तक नही की जा रही है। उन्होने बताया कि, वे तीन दिनों से तहसील का चक्कर कांट रहे है। लेकिन समस्या नही सुधर रही हैं।



### ये सभी कार्य हो रहे प्रभावित

जानकारी अनुसार सर्वर डाउन होने से आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित सीमांकन, बटांकन, राजस्व की त्रुटि सुधार, आधार कार्ड में सुधार, राजस्व से संबंधित सभी मामले की सुनवाई नही हो रही है। जानकारी अनुसार दुर्ग में कुल 6335 आवेदन आए थे। जिसमें 142 पंजीकृत हुए हैं। वही 6183 प्रकरण कोर्ट में दर्ज हैं। करीब 6011 निरकृत और 182 लंबित बताए जा रहे है। जबकि प्रदेशभर में सात हजार प्रकरण लंबित हैं। कई प्रकरण की एंट्री नही हो पा रही हैं।

### पोर्टल के कारण

राज्य से नया पोर्टल लांच किया गया है। जिसके कारण सर्वर की समस्या बनी हुई है। जल्द ही कुछ दिनों में सुधर जाएगी।
**-श्रुति अग्रवाल**, प्रभारी ई डिस्टिक्ट

## माथापच्ची : एमआईसी में रहे और सीटिंग पार्षद के नाम लगभग तय की ओर


# कांग्रेस में मेयर के लिए तीन नाम डेढ़ दर्जन वार्ड में सिंगल नाम भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस संगठन में चल रहे महापौर और वार्ड प्रत्याशियों को लेकर कुछ नाम छनकर सामने आ गए है। वही कई वार्डो का पैनल ब्लाक से जिला संगठन द्वारा प्रदेश कमेटी को भेज दी गई हैं। इसमें डेढ दर्जन वार्ड ऐसे है, जहां सिंगल नाम भेजे गए है, वही मेयर प्रत्याशी के लिए भले ही आधा दर्जन से अधिक नाम है। लेकिन कुछ चुनिंदा तीन नाम फाईनल हो सकती है। जिसकी घोषणा आगामी दिनों प्रदेश संगठन करने वाली है।

जानकारी अनुसार विगत 24 जनवरी को राजीव भवन में आयोजित बैठक में डेढ दर्जन नाम सिंगल फाइनल कर दिए गए है। जिसमें ज्यादा सिटिंग पार्षद शामिल है। वही मेयर के लिए आधा दर्जन से ज्यादा नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए है। लेकिन इसमें से तीन नाम उभरकर सामने आए है। कांग्रेस के पार्षदों में विजेन्द्र भारद्वाज 9, आरएन वर्मा 26, जमुना साहू 57, शंकर ठाकुर की पत्नि 14, संजय कोहिले 13, दीपक साहु 43, हामिद खोखर की पत्नि 41, महेश्वरी ठाकुर 48, भास्कर कुंडले 49, अनुप चंदानियों की धर्म पत्नि 54, निर्मला साहु 18, उषा ठाकुर 15, राजकुमार पालीवाल 23, भोला महोबिया 30, सभापति रहे राजेश यादव में सिंगल नाम भेजे गए हे। प्रदेश संगठन इन तमाम नाम पर मुहर लगा सकती हैं। एमआईसी मेंबर में ऋषभ जैन वार्ड 36 ओबीसी और एमआईसी मेंबर मनदीप भाटिया का वार्ड सात ओबीसी हो गया है। इन्होने इस बार चुनाव से अपने आपको अलग कर लिया हैं।

## प्रदेश संगठन को भेजे गए संभावित प्रत्याशियों की सूची, जल्द होगी घोषणा



### मेयर के लिए तीन नाम संभावित

सूत्रों ने बताया कि, कांग्रेस संगठन द्वारा वैसे तो मेयर के लिए आधा दर्जन नाम प्रदेश संगठन को भेजे है। लेकिन इसमें से कुछ तीन नाम पर प्रत्याशी चयन का कांटा रूक सकता हैं। जिसमें प्रेमलता साहु, सरस्वती वर्मा और रामकली यादव के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। प्रेमलता साहु बोरसी वार्ड से पार्षद रह चुकी है, वहीं सरस्वती वर्मा एमआईसी मेंबर रही है और वे पूर्व मेयर आरएन वर्मा की पत्नि है। रामकली यादव भी पुलिस सुरक्षा सहित अनेक पदों पर रही है। इन तीन नाम पर कांग्रेस मेयर प्रत्याशी उतार सकती हैं।

### देर रात प्रदेश संगठन के साथ बैठक

ब्लाको से जिला संगठन को सूची प्राप्त होने के बाद कई राउंड राजीव भवन में बैठक हो चुकी है। इसमें डेढ दर्जन वार्ड में पार्षदों का सिंगल नाम भेजा गया है, वही कई वार्ड में घमासान की स्थिति के चलते संगठन ने पैनल तक नही बनाया और सभी नाम प्रदेश संगठन को भेज दिया हे। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि, शनिवार को देर रात रायपुर में प्रदेश के नोताओं के साथ जिला संगठन की बैठक हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि, भाजपा के बाद कांग्रेस भी जल्द सूची जारी कर सकती हैं।

# चुनाव से 11 प्रत्याशी बाहर पांच साल के लिए निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले नगरीय निकाय चुनाव 2019 में आय-व्यय का हिसाब नही देने इस चुनाव में प्रत्याशियों के लिए भारी पड गया है। राज्य निर्वाचन अयोग द्वारा ऐसे 11 प्रत्याशियों की सूची जिला निर्वाचन आयोग को जारी कर दी है। इस आदेश में ऐसे 11 लोगों को नगरनिगम के अधिनियम के तहत पांच साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। यानि वे पांच साल तक चुनाव नही लड सकेगें।

■ वर्ष 2019 में चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ

राज्य निर्वाचन आयोग राजधानी के साथ-साथ बिलासपुर, दुर्ग और अन्य नगर निगमों, पालिकाओं की सूची जारी की हैं। ये सभी उम्मीदवार नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्र ही दाखिल नहीं कर पाएंगे। ज्यादातर उम्मीदवारों को पिछले चुनाव के खर्च का ब्योरा आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने के कारण बैन किया गया है। आयोग से प्रतिबंधित उम्मीदवारों की सूची सभी नगरीय निकायों को भेज दी गई है। इस कार्यवाही की जानकारी प्रत्याशी रहे लोगों को नही है, ऐसे में अचानक जानकारी मिलने पर वे भी हैरान हो रहे हैं। इधर 28 तक नामांकन जमा करना है।

### इन्हें किया गया निलंबित

जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग में छः प्रत्याशी है। जिसमें वार्ड पांच से ज्योति आनंद राजपूत, वार्ड आठ से आसिफ अली, वार्ड दस से सुष्मिता साहू, वार्ड उन्नीस से धरमराज डी कुमार, वार्ड 36 से संतोष सागर और वार्ड 59 से राजेश्वरी जांगडे हैं। इसी तरह नगरपालिका परिषद अहिवारा से वार्ड दस से संजय सिंह, नगरपालिका भिलाई निगम से वार्ड 54 से अजय साहू, वार्ड 57 से प्रवीण कुमार बिस्वाल, नगरपालिका परिषद जामुल से वार्ड छः नरेन्द्र देवदास व वार्ड बीस से मिलाप बाई बंजारे हैं।

# मतदाता जागरूकता के उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ. पाणिग्राही हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

15 वें मतदाता दिवस के अवसर पर बी आई टी कॉलेज के सभागृह में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता स्वीप में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को मुख्य अतिथि संभागायुक्त एस एन राठौड़ के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संभागायुक्त एस एन राठौड़ ने अपने संबोधन में मतदाता जागरूकता हेतु निस्वार्थ सतत जागरूकता करने के लिए डॉ पाणिग्राही की सराहना की । कार्यक्रम समापन के पूर्व डॉ पाणिग्राही द्वारा दुर्ग के गौरव पथ से दिल्ली के कर्तव्य पथ तक ,महासमुंद ,बागबाहरा ,रायपुर ,ओडिशा ,भोपाल सहित देश के अन्य स्थानों पर किए गए मतदाता जागरूकता , मतदान नेवता सहित विशेष नवाचारी कार्यक्रमों का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया गया।



# चीचा में मनाया गया वन्दे मातरम दिवस, हुई स्पर्धाएं



**दुर्ग**। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लाक धमधा मे आंगनबाड़ी केन्द्र क्र 1, 2, 3 के सहयोग से विद्यालय वन्दे मातरम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला व मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी के सुपरवाइजर परियोजना क्षेत्र धमधा के श्रीमति गोदावरी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सुरूची जंघेल, श्रीमति कुमारी वर्मा, श्रीमति झूनिया वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बालक बालिकाओं को कला से जोड़कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करना था।

बच्चों की कला को देखकर गोदावरी, प्रधान पाठक वर्मा ने कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षक संतोष कुमार बघेल जो प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में निर्णय देना मुश्किल है क्योंकि सभी बच्चों ने बेहतर कला का प्रदर्शन किया है। मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु दिव्या, कु चंचल द्वितीय, चित्रकला मे प्रथम हितेश्वरी वर्मा, द्वितीय गजेन्द्र निषाद रहे। सभी प्रतिभागी बच्चों को लेखनी प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप मे आंगनबाड़ी की ओर से लंच बाक्स दिया गया। श्री सार्व ने आंगनबाड़ी की पूरी टीम को इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# एनएसयूआई ने की संगठनात्मक नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



एनएसयूआई छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के आदेशानुसार एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंह एवं एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग की सहमति से साइंस कॉलेज दुर्ग की ईकाई का विभिन्न पदो पर तत्काल प्रभाव में नियुक्ति किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए शाहिल टंडन, चैतन्य बंछोर, त्रिरूपति युवा चन्द्राकर, अभय देशलहरा और महासचिव पद के लिए विवेक टंडन, रिया दत्ता, पियुष साहूरिया, धनेश बंजारे, चन्द्रशेखर बारले, तेजेन्द्र साहू है। सचिव बंटी बंजारे, नीरज राजपूत, तोहिद अशरफी, फिजा खान, यश, दीप शिखा दुबे, श्यामा शेख, खुशहाली नेताम, कशिश मरकाम, गौरव पराते है। सहसचिव नारायण साहू, जय पराते, सौरभ वर्मा है, वहीं सदस्य महेश ठाकुर, विवेक वर्मा, पोषण साहू होगें। सोशल मीडिया प्रभारी राम जी साहू, निखिल कुर्रे एवं नियुक्त किए गए सभी पदाधिकारी को कांग्रेस की विचारधारा एवं रीति नीति से प्रभावित होकर जनहित कार्य को अंतिम छात्र तक पहुंचा कर संगठन को मजबूत करने और अपने कर्तव्य व संगठन द्वारा प्रदान दायित्व का गरिमामई रूप से निष्ठा पूर्वक पालन करने की बात कही गई।

■ कांग्रेस के एनएसयूआई विंग ने की नियुक्तियां

# पुराना बस स्टैंड में गणतंत्र दिवस पर फहरेगा झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख समिति मर्यादित दुर्ग पुराना बस स्टैंड में झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के समस्त अंश धारक खातेदार संचालक मंडल के सदस्य गण एवं पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ फुट कर व्यापारियों से प्रातः 9:00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक दिन पहले मंडल के सदस्य जुटे रहे। वहीं शहर में अलग-अलग स्थानों में कार्यक्रम होंगे।

# अंडा में जसगायन और झांकी प्रतियोगिता आज से

**अंडा**। दीपकिरण जस झंकार मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अंडा ग्राम आबादी पारा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 25 व 26 जनवरी को रखा गया है। मुख्य अतिथि टिकेश्वरी देशमुख सभापति जनपद दुर्ग, अध्यक्षता राधेश्याम चन्द्राकर, विशेष अतिथि डॉ. सुदामा चन्द्राकर पूर्व जिला टीकारण अधिकारी, मनीष चन्द्राकर ज.पं. सदस्य अण्डा , उमादेवी चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अंडा आदि उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह 26 जनवरी को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, राधेश्याम चन्द्राकर, डॉ. सुदामा चन्द्राकर पूर्व जिला टीकारण अधिकारी आदि सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी राजेश कुमार धीवर, उमेश साहू, संतोष साहू ने दी।

## महापौर के लिए अब तक किसी ने नहीं किया नामांकन दाखिल

# चौथे दिन पार्षद के लिए 51 ने जमा किया नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नामांकन दाखिले के चौथे दिन भी एक भी मेयर पद के लिए आवेदन जमा नही हुए है। हांलाकि पार्षदों के लिए लगातार आवेदन जमा हो रहे हैं। चौथी दिन 51 आवेदन जमा किए गए हैं। वही अब तक 73 पार्षद पद के लिए आवेदन आ चुके है। इधर अब तक टिकट जारी नही होने से संशय की स्थिति बरकरार हैं। नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन के लिए मात्र 2 दिन का समय शेष है, मगर महापौर के लिए अब तक किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। वहीं चौथे दिन आज 61 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिया। आज इन अभ्यर्थियों ने पार्षद पद के लिए किया नामांकन दाखिल किए है। जिसमें आज पार्षद पद के लिए वार्ड 2 से बलदेव साहू आप व धनवंती निषाद कांग्रेस, वार्ड3 नरेन्द्र बंजारे भाजपा, नरेश निषाद आप व मनीष मिश्रा आप, वार्ड 8 मो शाहिद खान आप, वार्ड 9 विनोद साहू आप, ज्ञानेश्वर ताम्रकार भाजपा व बिजेन्द्र भारद्वाज कांग्रेस , वार्ड10 चंद्रशेखर बंजारे भाजपा, वार्ड 16 संदीप पाटिल बसपा व जगेश यादव भाजपा, वार्ड 17 लता सेन कांग्रेस व सुरुचि उमरे भजपा, वार्ड 18 देव नारायण चंद्राकर भाजपा, वार्ड 19 हीराबाई कांग्रेस, वार्ड 21 विद्यावती सिंह भाजपा, वार्ड 23 शीला मानिक निर्दलीय, भारत साहू निर्दलीय व मनोज सोनी भाजपा, वार्ड 25 मनीषा सोनी कांग्रेस, वार्ड 28 गीता यादव भाजपा व शबाना कुरैशी rकांग्रेस, वार्ड 30 खिलेश्वरी देवांगन कांग्रेस व सीमा मिश्रा भाजपा, वार्ड 3 1 मीना मानिकपुरी कांग्रेस व भारती सोनकर कांग्रेस, वार्ड 33 विजयलक्ष्मी मिश्रा कांग्रेस व शशी साहू भाजपा, वार्ड 34 कन्या ढीमर कांग्रेस, वार्ड 35 शत्रुहन चक्रधारी कांग्रेस, वार्ड 38रामरतन जलतारे कांग्रेस, वार्ड 39 गुलाबचंद वर्मा भाजपा, वार्ड 40 दानेश्वरी देशमुख कांग्रेस, वार्ड 41 रुबीना खोखर कांग्रेस, वार्ड42 संजय सिंह आप व प्रकाश गीते कांग्रेस, वार्ड44 प्रकाश जोशी कांग्रेस , वार्ड 45 जगदीश शर्मा भाजपा, वार्ड 48 महेश्वरी ठाकुर कांग्रेस, वार्ड 49 प्रीति चंद्राकर भाजपा, वार्ड50 रेखा बंजारे कांग्रेस, वार्ड 52 गुलशन साहू भाजपा, वार्ड55 बलबीर साहू निर्दलीय व अश्वनी निषाद कांग्रेस, वार्ड56 कुमारी राकेश भारती साहू भाजपा, पदुम साहू निर्दलीय व भगवती ठाकुर आप एवं वार्ड 60 से कुसुम सेन कांग्रेस ने नामांकन दाखिल किया।

■ अब तक 73 अभ्यर्थी कर चुके नामांकन दाखिल



### इन्होंने खरीदा चौथे दिन फार्म

आज वार्ड 1 से चिराग शर्मा कांग्रेस व हिमांशु सिन्हा कांग्रेस, वार्ड 3 विजय साहू कांग्रेस, वार्ड 7 जितेन्द्र ताम्रकार निर्दलीय, वार्ड 8 वसीम कुरैशी कांग्रेस, वार्ड11 आशीष चंद्राकर भाजपा व सागर सेन, वार्ड 13 सचिन गवई बसपा, वार्ड 15 नुराज कुंजाम भाजपा व रघुनंदन ठाकुर भाजपा, वार्ड 16 आकाश मजुमदार कांग्रेस, के सुदीश कुमार निर्दलीय व खुर्शीद अहमद कांग्रेस, वार्ड 17 लता सेन निर्दलीय, वार्ड 18 केशव सिन्हा भाजपा, वार्ड 20 सवित्री दमाहे भाजपा, वार्ड 22 थनवार सिंह रात्रे निर्दलीय, वार्ड 23 मनोज सोनी भाजपा, वार्ड 24 जयश्री देशमुख भाजपा, वार्ड 25 मनीषा सोनी, वार्ड 27 रतिराम यादव, वार्ड 29 रोशनी साहू व श्यामा साव, वार्ड 30 सीमा मिश्रा व विजय ताम्रकार वार्ड 32 विनायक ताम्रकार, वार्ड 34 जगमोहन ढीमर, वार्ड 36 पूनम यादव, वार्ड 39 मदन जैन कांग्रेस, वार्ड 41 रुबीना खोखर कांग्रेस, वार्ड 42 तामध्वज यादव भाजपा व डुमेश्वर साहू निर्दलीय, वार्ड 45 संजय अग्रवाल भाजपा व आयुष शर्मा कांग्रेस, वार्ड 47 डॉ देवनारायण तांडी भाजपा, जुगमत बारीक भाजपा , उचित राम डहरिया आप व निन्द्रा जाल कांग्रेस, वार्ड 50 त्रिवेणी साहू भाजपा, वार्ड51 जेम्स नेचिकाट भाजपा, वार्ड 52 रविकांत यादव निर्दलीय, अभिषेक शर्मा कांग्रेस, रमन साहू कांग्रेस, सरस्वती साहू भाजपा, सुधीर चंदेल निर्दलीय, कन्हैया लाल साहू भाजपा व महेश यादव निर्दलीय, वार्ड 53 मेघदत्त साहू कांग्रेस व निकिता यादव आप, वार्ड 54 हिरौंदी चंदानिया भाजपा , सतरूपा भारती निर्दलीय व सुनीता चंदानिया कांग्रेस, वार्ड 55 भूपेन्द्र साहू भाजपा, वार्ड 57 घनश्याम बसपा व सरस कुमार निर्मलकर भाजपा, वार्ड 58 दिनेश्वरी साहू कांग्रेस, वार्ड 59 निकिता सिंह कांग्रेस, वार्ड 60 से नीलू सोनी शिवसेना, कुसुम सिंह भाजपा एवं श्वेता ताम्रकार नामांकन फार्म लिया।

# शहीद वीर रामाधीन गोंड़ शहादत दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिला आदिवासी गोंड महासभा एवं अखिल भारतीय विकास परिषद द्वारा राजनादगांव स्थित पद्मश्री गुहा राम निर्मलकर आडिटोरियम में शहीद वीर रामाधीन गोंड शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह थे। अध्यक्षता केंद्रीय गोंड़ महासभा के एमडी ठाकुर एवं नीलकंठ गढ़े ने की। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस कड़ी में दुर्ग जिला चिकित्सालय जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर को सेवा कार्य, केंद्रीय गोंडवाना समाज के सलाहकार सीताराम ठाकुर, पन्ना नेताम समाज के लिए सक्रिय और समर्पण के लिए सम्मानित हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, प्रवक्ता विष्णु ठाकुर, शहीद वीर रामाधीन के नवासा उपस्थित थे।

# उत्तर से आ रही शुष्क हवाएं, न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मौसम में शनिवार को बड़ा बदलाव आया। इस परिवर्तन की वजह से लोगों को रात व दिन में गर्मी लगने लगी है। अचानक ठंड गायब सी हो गई है। उसके बावजूद मौसम विभाग ने 27 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना जताई है। इस हिसाब से अचानक फिर से ठंड बढ़ सकती है। वैसे जनवरी महीने का अंतिम सप्ताह चल रहा है इस समय आमतौर पर गर्मी लगने लगती है। इस बार ठंड ज्यादा दिनों तक रही है।

### इस वजह से हो रहा है मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन होने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। प्रदेश में 27 जनवरी तक 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## ट्विनसिटी में इस समय गर्मी व ठंडी का मिश्रण मौसम में हो रहा



### वायरल रोग की शिकायतें बढ़ी

मौसम के इस परिवर्तन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। गर्मी और ठंडी की वजह से लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार की ज्यादातर शिकायतें हो रही है। कुछ लोगों में उल्टी व दस्त जैसी शिकायतें भी आ रही है। जिसकी वजह से निजी क्लीनिकों व सरकारी अस्पतालों में सीजनल बीमारी वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इन बीमारियों के मरीजों की संख्या अन्य बीमारियों की तुलना में 60 फीसदी है। ओपीडी में कतारें लग रही है। हाल यह है कि सीजनल बीमारियों की दवाएं प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं मिल रही है।

### 30 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 30 जनवरी से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल छा सकते हैं। यानी फिर से मौसम में बदलाव आएगा। मौसम विभाग ने शनिवार को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। यह तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा है। जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस है। रविवार को भी अधिकतम तापमान इसी के आसपास रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर ठगड़ा बांध में रंगारंग कार्यक्रम

**भिलाई**। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ठगड़ा बांध परिसर में नृत्य एवं संगीत का एक कार्यक्रम रखा गया है. संडे कैम्पस एवं गोल्डन वॉयस अवाड्र्स कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रस्तुतियां देंगे. इच्छुक प्रतिभागी स्थल पर भी अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं. संचालक दीपक रंजन दास ने बताया कि कार्यक्रम 26 जनवरी की शाम 4 बजे प्रारंभ होगा. संस्था प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए समय-समय पर विभिन्न आयोजन करता है. संस्था द्वारा गोल्डन वॉयस सिंगिंग अवाड्र्स के 5 सीजनों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

### आखिरी सफर शव वाहन अब निःशुल्क

**भिलाई**। गणतंत्र दिवस पर मुस्लिम समाज द्वारा शव को ले जाने के लिए वाहन आखिरी सफर का संचालन निःशुल्क किया जाएगा। यह व्यवस्था विदेशों में नौकरी कर रहे शहर के युवाओं के प्रयास से कुछ युवाओं द्वारा बनाई गई संस्था आबुधाबी अलमदद की ओर से मुस्लिम समाज में होने वाली मैय्यतों को कब्रस्तान ले जाने के लिए एडीएएम फाउंडेशन की ओर से शव वाहन का संचालन बीते तीन वर्षो से किया जा रहा है। जिसके लिए 1300 रुपये लिया जाता है। जिससे वाहन का डीजल खर्च और ड्राइवर की वेतन दिया जा सके। अब एडीएएम फाउंडेशन के सदस्यों ने 26 जनवरी 75 वें गणतंत्र दिवस के दिन से उक्त वाहन आखिरी सफर के निःशुल्क किया जा रहा है। अब मैय्यतों को कब्रस्तान ले जाना पूर्णतः नि शुल्क रहेगा। ड्राइवर की पेमेंट और डीजल का खर्चा एडीएम फाउंडेशन वहन करेगी। 26 जनवरी से आखिरी सफर वाहन ताज सामाजिक भवन फरीद नगर से मिल पाएगा।

### 1 जनवरी से संतश्री माताजी कर रहे हैं राजसूय महायज्ञ

# निकुम में कलयुग सम्राट राजसूय महायज्ञ का समापन आज, आहुति देंगे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम निकुम का जयशक्ति आश्रम इन दिनों धार्मिकता से परिपूर्ण हो रही है। यहां आश्रम के संतश्री माताजी के द्वारा कलयुग सम्राट राजसूय महायज्ञ का आयोजन करवाया गया है जो एक जनवरी नववर्ष से प्रारंभ हुआ है। इसका समापन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर होगा। राजसूय महायज्ञ के अंतिम दिन में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ वेदी में आहुति दी जाएगी। भक्तों ने समापन की भव्य तैयारी की है। इस दिवस पर मेले और सांस्क्रतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।





### रोग, शोक व कर्जमुक्ति भी

निकुम के इस प्रांगण में विशाल यज्ञ मंडप में हर रोज सुबह 11 बजे से राजसूय महायज्ञ शुरू होता है और दोपहर 1 बजे तक चलता है। संतश्री माताजी के द्वारा हर दिन महायज्ञ में देवी-देवताओं का आव्हान कर पूर्ण मंत्रोचार क साथ इसे संपन्न कराया जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं के रोग, शोक, कर्ज जैसी समस्याएं दूर की जा सके। जो भी भक्त यहां पूर्ण श्रद्धा, आस्था व भक्तिभाव से इस महायज्ञ में शामिल हो रहे हैं उनकी मनोकामना भगवान वासुदेव अवश्य पूरी करेंगे, ऐसी भाव भी प्रकट हो रही है।



### है प्रीत जहां की रीत सदा ...

गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकुम जयशक्ति आश्रम के परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम संतश्री माताजी के द्वारा किया जाएगा। माता जी की प्रिय गीत - है गीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां की गाता हूं, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं .... भी गूंजेगी।



### आज अनुराग धारा कार्यक्रम

राजसूय महायज्ञ के समापन के अवसर पर रविवार 26 जनवरी को अनुराग धारा राजनांदगांव का सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 4.50 बजे से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका कविता वासनिक की टीम इस छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेगी। अंचल के लोग मेले व इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे।

### महायज्ञ के है लाभ

आयोजक संतश्री माताजी बताते हैं कि यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यज्ञ के जरिये आध्यात्मिक संपदा की भी प्राप्ति होती है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने यज्ञ करने वालों को परमगति की प्राप्ति की बात की है। यज्ञ एक अत्यंत ही प्राचीन पद्धति है, जिसे देश के सिद्ध-साधक संतों और ऋषि-मुनियों ने समय-समय पर लोक कल्याण के लिए करवाया। यज्ञ में मुख्यतः अग्निदेव की पूजा की जाती है। भगवान अग्नि प्रमुख देव हैं। हमारे द्वारा दी जाने वाली आहुति को अग्निदेव अन्य देवताओं के पास ले जाते हैं। फिर वे ही देव प्रसन्न होकर उन छवियों के बदले कई गुना सुख, समृद्धि और अन्न-धन देते हैं।

# पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला, गिरफ्तार

**अंडा/ निकुम**। पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपचारी बालक को पकड़ा है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 109,296,115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंडा टीआई भानुप्रसातप साव पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोटी रोड राईस मिल के पास ग्राम चिंगरी मामले में कुलदीप साहू को अज्ञात आरोपी ने चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर



आरोपी सूरज यादव और चार अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है। घटना में उपयोग किए गए धारदार चाकू और ब्लेड, स्कूटी को जब्त किया है। आरोपी सूरज यादव को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड और विधि से संघर्षरत बालकगणों को किशोर न्यायालय दुर्ग भेजा गया हैं। मामले में विवेचना जारी है।

# मैत्री बाग में फ्लावर शो 2 फरवरी को, पंजीयन 31 जनवरी तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हर साल की तरह इस बार भी मैत्री बाग में फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। 2 फरवरी को मैत्री बाग के प्रांगण में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता होंगे। इस फ्लावर शो में बीएसपी, नॉन-बीएसपी के सभी रेसीडेंशियल हाउस गार्डन सेक्टर 01 से 10, हॉस्पिटल सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली, रुआबांधा में निवासरत प्रतिभागी फ्लावर शो प्रतियोगिता मे भाग ले सकते हैं। साथ ही हाई स्कूल और मिडिल स्कूल गार्डन, पॉटेड प्लांट, कट फ्लावर, फ्लोरल डेकोरेशन, फल एवं सब्जियों से बने मॉडल, रंगोली, फल और सब्जियों की स्पेशल प्रदर्शनी, माला बनाना, बुके और सलाद प्रतियोगिता में भी इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि हेतु फॉर्म उद्यानिकी विभाग के मैत्री बाग एवं नगर सेवाएं विभाग के तृतीय तल मे स्थित ऑफिस से प्राप्त कर सकते हैं।

### अलग-अलग कैटेगरी में लगाई जाएगी प्रदर्शनी

फ्लावर शो अलग-अलग कैटेगरी में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बीएसपी, नॉन-बीएसपी रेसीडेंशियल हाउस गार्डन और स्कूल गार्डन प्रतियोगिता के लिए आवेदन 28 जनवरी तक किया जा सकता है। इसी प्रकार पॉटेड प्लांट, कट फ्लावर, फ्लोरल डेकोरेशन और अन्य प्रतियोगिताओं के लिए 31 जनवरी तक आवेदन करना होगा। सभी प्रतिभागियों को परिवहन सहित अपनी अन्य व्यवस्था सामग्री स्वयं के व्यय पर करनी होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार के मार्क्स, स्लोगन या नाम लिखने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागियों को किंग और क्वीन ऑफ द शो सहित अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

# दुर्ग-छपरा सारनाथ प्रयागराज छिवकी परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**भिलाई**। रेलवे ने कुंभ मेले के कारण कुछ दिनों के लिए गाड़ी संख्या 15160 / 15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलाएगी। गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 28 जनवरी 29 जनवरी 2 फरवरी एवं 3 फरवरी को यह गाड़ी प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी की स्टेशन पर जाएगी। यह गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर प्रयागराज जंघई वाराणसी ओडीहार के स्थान पर परिवर्तित्र मार्ग माणिकपुर- प्रयागराज छिवकी- वीएचके -



वाराणसी जौनपुर औड़िहार होते हुए अपने गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस 3 एवं 4 फरवरी को प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन से दुर्ग के लिए रवाना होगी।

# भविष्य निधि कार्यालय भिलाई में खोलने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिला एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर लाखों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं और उनका भविष्य निधि का पैसा भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में जमा होता है। दुर्ग जिले में स्थित बीएसपी में कार्यरत नियमित कर्मचारी भी अपने पेंशन के लिए भविष्य निधि कार्यालय रायपुर में जाते हैं। भविष्य निधि कार्यालय दुर्ग जिले में न होने से यहां के श्रमिकों को अपने भविष्य निधि के खाते के संचालन एवं पेंशन के लिए बहुत परेशानी उठाना पड़ता है। रायपुर भविष्य निधि कार्यालय जाने के लिए उन्हें छुट्टी लेना पड़ता है। कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए पहले भी भविष्य निधि कार्यालय की शाखा भिलाई में खोलने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई प्रगति जमीन पर नहीं हुई। श्रमिकों की परेशानियों को देखते हुए बीएमएस संघ के उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, संयुक्त



महामंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी और अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर दुर्ग सांसद विजय बघेल को ज्ञापन देकर उनसे भविष्य निधि कार्यालय की एक शाखा भिलाई में जल्द से जल्द खुलवाने की मांग की गई। जिस पर उन्होंने भी इस मांग को जायज बताया दुर्ग जिले में जल्द भविष्य निधि कार्यालय की शाखा खुले उसके लिए सार्थक प्रयास करने की बात कही।




### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के हाथों हुए सम्मानित

# संविधान गौरव दिवस पर 18 कर्मरत्नों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर आयोजित संविधान गौरव दिवस का समापन आज खुर्सीपार बापू नगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा समाज के 18 कर्मरत्नों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पाण्डेय ने भारतीय संविधान की विविधता और विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहाँ विभिन्न प्रकार की संस्कृति, भाषा, और धर्म एक साथ रहते हैं, जो इसे एक मिनी वर्ल्ड बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ विभिन्न प्रकार की ऋतुएं, भाषाएं और धर्म हैं, जो इसे अद्वितीय बनाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में चार ऋतु हैं - वर्षा, ठंडी, गर्मी और बसंत, जो अन्य देशों में नहीं पाई जाती हैं। इसी तरह, भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि संविधान सभा के सदस्य, जो 1946 में चुने गए थे, ने एक ऐसा संविधान बनाया जो सभी भारतीयों के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हर वर्ग के लिए न्याय और अधिकार सुनिश्चित करता है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत की



विविधता के बावजूद, यहां हर कोई एक साथ मिलकर रहता है। भिलाई को <\\>/"मिनी इंडिया<\\>/" कहा गया क्योंकि यहाँ देश के हर कोने से लोग आकर बसे हैं। यह शहर विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है। उन्होंने संविधान गौरव दिवस की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि यह दिवस हमें हमारे संविधान की गरिमा और उसकी रक्षा के लिए प्रेरित करता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत के संविधान की मूल भावना समानता और न्याय की है, जो जाति, भाषा या लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करता है। संविधान सभा द्वारा निर्मित यह दस्तावेज तीन प्रमुख व्यवस्थाओं - विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका - के द्वारा देश में शासन की प्रक्रिया को संचालित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, संविधान का कार्यान्वयन आर्थिक स्वतंत्रता को भी बढ़ावा दे रहा है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से, करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता आई है। संविधान ने भारतीय नागरिकों को जो अधिकार और कर्तव्य दिए हैं, वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

इस दौरान जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, योगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष एसएन सिंह, पार्षद श्रीमती सरिता बघेल, श्रीमती वीणा चंद्राकर, बुद्धन ठाकुर, श्रीमती उषा मधुकर, मनीष अग्रवाल, अनिल सोनी, ममता रात्रे, प्रतिमा निर्मलकर, तुलसी कौशिक, मेघा कौर, सरिका करादे, लालचंद मौर्य, श्याम बघेल, मनोज निषाद, राजेंद्र पासवान, सुनील गौतम, गुलाब सिंह, गितेश यादव, निर्मल साह, गजेंद्र सिंह, ओपी मौर्या, तुषार चौधरी, दीपक पांचाल, कोटेश्वर राव, मीरा जायसवाल, कृष्णा चौधरी, श्रीनिवास श्रीनू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।
























संकलनकर्ता : सुरेन्द्र यादव, हरिभूमि संवाददाता - धमधा, मो.: 9179258316

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं







